# रस्किन बॉन्ड हुए साहित्य अकादमी की महत्तर सदस्यता से सम्मानित

नई दिल्ली, 11 मई (नवोदय टाइम्स): साहित्य अकादमी का सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता शनिवार को अंग्रेजी के प्रख्यात लेखक और विद्वान रस्किन बॉन्ड को प्रदान किया गया। उनकी अस्वस्थता के कारण यह सम्मान उनके मसूरी स्थित घर पर साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने प्रदान किया। 19 मई 1934 को कसौली, हिमाचल प्रदेश में जन्मे रस्किन बॉन्ड पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से लेखन की दुनिया में सक्रिय हैं।